# प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल, तैंतीस आईएएस के तबादले

## जयपुर समेत सात जिलों के कलेक्टर बदले

**■ पांच आईएएस को अतिरिक्त चार्ज सौंपा, एक को एपीओ किया**

**जयपुर**, (का.सं.)। राज्य सरकार ने ब्यूरोक्रेसी में बड़ा फेरबदल कर सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 33 अफसरों के तबादले किए, जबकि पांच को अतिरिक्त चार्ज सौंपा है। इसके साथ ही जयपुर समेत सात जिलों के कलेक्टर बदले हैं। वहीं एक अफसर को एपीओ किया गया है।


वीना प्रधान को आयुक्त, विभागीय जाँच विभाग, जयपुर, कैलाश चन्द्र मीणा को संभागीय आयुक्त, जोधपुर, प्रतिभा सिंह को निदेशक, पंचायतीराज, जयपुर, विजय पाल सिंह को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, जयपुर, कुमारी रेणू जयपाल को आयुक्त, महिला अधिकारिता विभाग, राजस्थान, जयपुर, रशिम गुप्ता को निदेशक, जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, जयपुर, विश्राम मीणा को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं आयुक्त, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज, जयपुर, प्रकाश राजपुरोहित को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर, डॉ.जितेन्द्र कुमार सोनी को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट,अलवर, विश्व मोहन शर्मा को संयुक्त शासन सचिव, राजस्व विभाग, राजस्थान, जयपुर, नकाते शिवप्रसाद मदन को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम (रीको) एवं पदेन आयुक्त, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कोरिडोर, जयपुर, संदेश नायक को निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन, जयपुर, अनिल कुमार अग्रवाल को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, धोलपुर, ओम प्रकाश कसेरा को आयुक्त (विनियोजन एवं अप्रवासी भारतीय), निवेश संवर्धन ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर, आशीष गुप्ता को आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग एवं प्रबन्ध निदेशक, राजकॉम्प इन्फो सर्विसेज लिमिटेड, जयपुर, डॉ. प्रदीप के.गवांडे को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य खान एवं खनिज निगम लिमिटेड एवं निदेशक, पैट्रोलियम, उदयपुर, डॉ.मनीषा अरोड़ा को अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान हथकर्घा विकास निगम, राजस्थान जयपुर, डॉ. इंद्रजीत यादव को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, डूंगरपुर, टीना डाबी को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जैसलमेर, प्रताप सिंह को प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम, जयपुर, अमित यादव को संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान, जयपुर,डॉ.रविन्द्र गोस्वामी को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, बूंदी, अर्तिका शुक्ला को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), अलवर, अवधेश मीणा को आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर, डॉ. गौरव सैनी को सहाय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, स्टेट हैल्थ एश्योरेन्स ऐजेन्सी, राजस्थान, जयपुर, सुशील कुमार को आयुक्त नगर निगम, अजमेर, देवेन्द्र कुमार को संयुक्त शासन सचिव कार्मिक (क-1) विभाग, राजस्थान, जयपुर, श्रीनिधि बी टी को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), भरतपुर, टी शुभमंगला को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा), सिरोही के पद पर लगाया है।

राजेन्द्र किशन को विशिष्ठ शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर, ओमप्रकाश बुनकर को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा, नलिनी कठोलिया को प्रबन्ध निदेशक, ग्रामीण अकृषि क्षेत्र विकास अभिकरण, जयपुर, हरिमोहन मीणा को निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव राजस्थान, डॉ. जोगा राम, आई.ए.एस., शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान, जयपुर अपने पद के कार्य के साथ-साथ अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड, राजस्थान, जयपुर के पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

वहीं हेमन्त कुमार गैरा प्रमुख शासन सचिव,कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर को महानिदेशक हरीशचन्द्र माथुर राजस्थान राज्य लोक प्रशासन संस्थान एवं पदेन प्रमुख शासन सचिव, प्रशिक्षण राजस्थान, जयपुर (अग्रिम आदेशों तक), डॉ. पृथ्वी राज शासन सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, राजस्थान जयपुर को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान जयपुर (अग्रिम आदेशों तक), जितेन्द्र कुमार उपाध्याय को निदेशक, सिविल एविएशन, जयपुर एवं उप मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग एवं कन्ट्रोलर, सर्किट हाऊस, जयपुर, कुमार पाल गौतम को संयुक्त शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं मिशन निदेशक, जल जीवन मिशन, राजस्थान, जयपुर के अतिरिक्त कार्यभार सौंपा हैं।

इसी प्रकार नारायण सिंह चारण, आर.ए.एस., मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद-कम-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, ई.जी.एस. एवं पदेन मुख्य परियोजना अधिकारी (माडा),सिरोही को आगामी आदेशों तक पदस्थापन आदेश की प्रतीक्षा में रखा जाता है।

# जयपुर में कलेक्ट्री से एम.आई. रोड तक भारी ट्रेफिक जाम, लोग परेशान



**जयपुर कलेक्ट्री सर्किल से एम.आई.रोड तक ट्रेफिक जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। आये दिन वाहनों का लंबा रैला यहां दिनभर रैंग-रैंगकर आगे बढ़ता है। इस समस्या से लोग परेशान है, लेकिन ट्रेफिक पुलिस और शहर के विकास का खाका तैयार करने वाले जिम्मेदार अफसरों का इस ओर कोई ध्यान तक नहीं है।**

### सजा सुनाई

**जयपुर**। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने साढे सत्रह साल की पीड़िता से छेड़छाड़ के आरोपी रिश्तेदार को तीन साल की सजा सुनाई है।

# डॉ. सतीश पूनिया आज से उदयपुर और राजसमंद प्रवास पर रहेंगे

**जयपुर**। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 5 जुलाई को उदयपुर और 6 जुलाई को राजसमंद जिले के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. पूनिया 5 जुलाई को दोपहर 2:45 बजे उदयपुर पहुंचेंगे, जहां स्वर्गीय कन्हैयालाल साहू के निवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। शाम को नाथद्वारा पहुंचकर भगवान श्रीनाथजी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली एवं तरक्की की कामना करेंगे। 6 जुलाई को डॉ. पूनियां सुबह 11 बजे नाथद्वारा में भाजपा राजसमंद जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करेंगे और दोपहर 1 बजे नाथद्वारा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# डॉ. राजीव बगरहट्टा ने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसीपल का पदभार संभाला



**जयपुर**,(कासं)। प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज (एसएमएस) में सोमवार को नवनियुक्त प्रिंसीपल व नियंत्रक डॉ. राजीव बगरहट्टा ने पदभार संभाला लिया। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्पिटल के क्राउड मैनेजमेंट के लिए आईटी का सहयोग लेने और के छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. राजीव बगरहट्टा ने पदभार ग्रहण करने के बाद बताया कि वे पिछले 40 साल से एसएमएस से जुड़े है। अब जिस तरह से लोगों की भीड़ यहां बढ़ती जा रही है उसे मैनेज करना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि सरकार की मुफ्त दवा व जांच योजना के कारण राजस्थान के अलावा दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए यहां आ रहे है। इस कारण हॉस्पिटल पर मरीजों का भार बढ़ रहा है उसे मैनेज करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि इसके लिए हम आईटी का सहयोग लेंगे, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा इन्फोर्मेशन मोबाइल या कम्प्यूटर के जरिए मिल सके। जिससे उन्हें अनावश्यक इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने बताया कि अभी ओपीडी रजिस्ट्रेशन से लेकर जांचों की रिपोट्र्स ऑनलाइन मिल रही है, जिसे और ज्यादा सरल करने की दिशा में काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन सबके लिए हमें हॉस्पिटल के इंटरनल सिस्टम को भी मजबूत करना होगा।

# जयपुर में अब आईपीएस कैलाश चंद्र विश्नोई बने तीसरे एडिशनल कमिश्नर

## 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**■ डॉ.राजीव पचार डीसीपी पूर्व, योगेश गोयल डीसीपी दक्षिण, डॉ.वन्दिता राणा को डीसीपी पश्चिम के पद पर लगाया**

**■ प्रसन्न कुमार खमेसरा को आईजी कोटा, गौरव श्रीवास्तव को आईजी भरतपुर और विकास कुमार को आईजी एटीएस जयपुर के पद तैनात किया**

**जयपुर**,(कासं)। राज्य सरकार ने पुलिस के बेड़े में फेरबदल करते हुए 16 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसके तहत जयपुर में अब तीन एडिशनल कमिश्नर होंगे। सोमवार को जारी आदेश में आईपीएस कैलाश चंद्र विश्नोई को तीसरे एडिशनल कमिश्नर के तौर पर लगाया गया है। साथ ही जयपुर में ट्रेफिक सहित चार डीसीपी भी बदले हैं। वहीं कोटा व भरतपुर रेंज आईजी और तीन जिलों के एसी भी बदले गए हैं। आदेश के अनुसार आईपीएस कैलाश चन्द्र विश्नोई को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त तृतीय लगाया गया हैं। प्रसन्न कुमार खमेसरा को पुलिस महानिरीक्षक कोटा रेंज और गौरव श्रीवास्तव को भरतपुर रेंज का जिम्मा सौंपा गया है। तीन दिन पहले सीआईडी सीबी में लगाए गए पुलिस महानिरीक्षक विकास कुमार को अब एटीएस जयपुर में तैनात किया गया है। इससे पहले वह डीआईजी के रुप में एटीएस में काम कर चुके है।

राजधानी जयपुर में यातायात की जिम्मेदारी संभाल रही आईपीएस श्वेता धनखड़ का तबादला जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन में किया है। इनकी जगह अब डीसीपी ट्रेफिक के पद पर पुलिस उपायुक्त जयपुर ईस्ट प्रहलाद कृष्णियां को लगाया गया है। डॉ. राजीव पचार को पुलिस उपायुक्त पूर्व जबकि डॉ. वंदिता राणा को रिचा तोमर की जगह पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम के पद पर भेजा है। आईपीएस मृदुल कछावा को जयपुर साउथ से झुंझुंनू का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर योगेश गोयल उपायुक्त जयपुर दक्षिण की जिम्मेदारी दी गई है। दो दिन पहले प्रीति जैन को पुलिस अधीक्षक दौसा लगाया गया था। अब उनकी जगह आरपीएस से आईपीएस बने संजीव नैन को पुलिस अधीक्षक दौसा लगाया गया है। प्रीति जैन को अब निदेशक इंटेलीजेंस ट्रेनिंग एकेडमी जयपुर लगाया गया हैं। प्रदीप मोहन शर्मा को कमाडेंट हाड़ी रानी बटालियन अजमेर, अनिल कुमार को पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़, डॉ. अमृता दुहन को पुलिस उपायुक्त जोधपुर शहर (पूर्व), राजकुमार चौधरी को कमांडेट 10 वीं बटालियन आरएसी बीकानेर लगाया गया हैं।

# प्रदेश में करोना से दो लोगों की मौत हुई सोमवार को

**■ राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 109 नए संक्रमित मिले, इससे पहले रविवार को 106 रोगी पाए गए थे**

**■ राजधानी जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 29 नए मरीज मिले हैं।**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण से होने वाली मौतों की संख्या बढ़ने लगी है। इसके चलते राज्य में सोमवार को इस बीमारी से दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं 109 नए संक्रमित मिले हैं। हालाकि इस बीच रिकवरी में थोड़ा सुधार होने से एक्टिव केस घटकर 891 रह गए हैं।

प्रदेश में सोमवार को करोना से दौसा और करौली जिले में 1-1 मरीज की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9568 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। इनमें दौसा में अब तक 82 जबकि करौली में 85 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य में करोना से सबसे ज्यादा 2114 मौतें जयपुर जिले में हुई है।

इधर राज्य में पिछले चौबीस घंटों में 17 जिलों में 109 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले रविवार को 106 रोगी पाए गए थे। आज राजधानी जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 29 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 24, जोधपुर में 10, अजमेर और उदयपुर में 8-8, भीलवाड़ा में 7, सिरोही में 5, अलवर, चित्तौड़गढ़, दौसा और जालोर में 3-3 तथा बांसवाडा, बारां, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, करौली और टोंक में 1-1 मरीज मिला है। वहीं 16 जिलों बाड़मेर, भरतपुर, बूंदी, चूरू, धौलपुर, गंगानगर, जैसलमेर, झालावाड़, झुंझुनूं, कोटा, नागौर, पाली, प्रतापगढ़, राजसमंद, सवाई माधोपुर और सीकर में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है।

प्रदेश में सोमवार को नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान राज्य में 164 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 891 हो गए हैं। राजधानी जयपुर में भी आज 87 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 352 रह गए है।

जयपुर जिले में सोमवार को 18 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 5 संक्रमित मालवीय नगर में पाए गए हैं। इसके अलाव सांगानेर में 4, सिविल लाइन्स में 3, जगतपुरा और सोडाला में 2-2 तथा आमेर, बनीपार्क, चांदपोल, दुर्गापुरा, जमवारामगढ़, जवाहर नगर, झोटवाड़ा, कानोता, खातीपुरा, मानसरोवर, सिरसी और सुभाष चौक में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

### रियाज के साथ वायरल फोटो को कटारिया ने बताया फेब्रिकेटेड

**जयपुर**। उदयपुर में दिनदहाड़े कन्हैयालाल की हुई निर्मम हत्या के बाद पूरे देश में गुस्सा साफ नजर आ रहा है। मगर इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी रियाज के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ वायरल फोटो को लेकर भी राजनीति गर्माई हुई है। पूरे मामले को लेकर कटारिया ने कहा है कि यह फोटो फेब्रिकेटेड नजर आ रही है। कटारिया ने इस मामले में उदयपुर एसपी को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। इस पर कानूनी कार्यवाही की जाए। मेरी प्रतिष्ठा गिराने का प्रयास किया गया है।

कटारिया ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस व्यक्ति को नहीं जानता। राजनेताओं के साथ कोई भी कब फोटो खींच लेता है ये ना तो गुलाबचंद रोक सकता है, ना प्रताप सिह खाचरियावास रोक सकता है ना शांति धारीवाल। अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा का अधिकृत विंग है। उन्होंने किसी कार्यक्रम में बुलाया है तो मैं गया होउंगा। लेकिन कल रात मैंने वायरल फोटो को गौर से देखा। इस फोटो को फेब्रिकेटेड बनाने का प्रयास किया गया है।

# समन्वय कमेटी बताए रामगढ़ बांध को लेकर किन आदेशों की पालना नहीं हुई : हाईकोर्ट

**■ अदालत ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर पांच सदस्यीय समन्वय कमेटी बनाई, अगले 45 दिन में कोर्ट में रिपोर्ट पेश करेगी कमेटी**

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने रामगढ़ बांध क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर पांच सदस्यीय समन्वय कमेटी का गठन किया है। अदालत ने कमेटी को कहा है कि वह चार्ट पेश कर बताए कि रामगढ़ बांध को लेकर अब तक हाईकोर्ट ने क्या-क्या आदेश दिए हैं और उनकी पालना में क्या कार्रवाई की गई।

इसके अलावा चार्ट में यह भी बताने को कहा है कि अब तक किन आदेशों की पालना नहीं हो पाई है। अदालत ने कमेटी को इस संबंध में एक माह में बैठक करने के बाद अगले 45 दिनों में यह रिपोर्ट तैयार कर पेश करने को कहा है। जस्टिस एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश प्रकरण में लिए गए स्वप्रेरित प्रसंज्ञान पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से मामले में अदालती आदेश की पालना में समन्वय कमेटी गठित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के आईएएस समित शर्मा को नोडल ऑफिसर बनाते हुए हैड ऑफ फॉरेस्ट डीएन पांडे, राजस्व विभाग के आरएएस श्याम सिंह शेखावत और जल संसाधन विभाग के सचिव सहित एक अधिवक्ता का नाम सुझाया। इस पर अदालत ने अधिवक्ता की जगह वाटर प्लानिंग के चीफ इंजीनियर रवि सोलंकी को कमेटी में शामिल कर कमेटी गठित की है। वहीं न्याय मित्र वीरेन्द्र डांगी और अशोक भार्गव की ओर से रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें बताया गया कि जमवारामगढ़ के केलाकाबास ग्राम पंचायत के टोडालडी गांव के पास से गुजर रही बाणगंगा नदी में सार्वजनिक निर्माण विभाग सड़क निर्माण करा रहा है और सड़क की सुरक्षा के लिए ऊंची दीवार बनाई गई है। जिसके चलते भविष्य में पानी के बहाव में बाधा बन सकती है। इस संबंध में मुख्य सचिव को भी पत्र लिखा गया है। इसके अलावा रामगढ़ बांध तक पानी पहुंचाने वाली बाण गंगा, माधो बेणी और ताला नदी के कुल 111 किलोमीटर के बहाव क्षेत्र में तीन से चार मीटर मिट्टी है। हाईकोर्ट ने मिट्टी काटकर पानी निकास के लिए नाली बनाने को कहा था, लेकिन अभी तक सिर्फ 17 किलोमीटर से ही मिट्टी हटाई गई है। सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने मामले में कमेटी गठित कर उसे रिपोर्ट पेश करने को कहा है। गौरतलब है कि रामगढ़ बांध में अतिक्रमण और पानी नहीं पहुंचने के मामले में हाईकोर्ट ने वर्ष 2011 में स्व प्रेरणा से प्रसंज्ञान लिया था। वहीं अदालत वर्ष 2012 में मामले का निस्तारण कर राज्य सरकार और मॉनिटरिंग कमेटी से समय-समय पर पालना रिपोर्ट मांग रही है।

# मॉडल के एक तरफा प्यार में 9वीं पास युवक बना हैकर

**जयपुर** (कासं)। एक तरफा प्यार में मॉडल युवती (24) को परेशान करने का मामला सामने आया है। युवती की खास फोटो सोशल मीडिया पर डालकर परेशान करने वाला भी उसी की बिल्डिंग में रहने वाला 9वीं क्लास का युवक था, लेकिन युवती को इसकी भनक तक नहीं लगी। खास बात ये है कि दोनों में दोस्ती भी थी। इसके बावजूद युवती को नहीं पता चला कि सोशल मीडिया पर जो युवक उसे परेशान कर रहा है, वो ये ही है। इस पर उसने साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया है। इसके बाद आरोपी को बगरू से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार आरोपी गौरव सक्सेना (21) है। जो प्रतापनगर (जयपुर) का रहने वाला है। पीड़ित युवती और आरोपी गौरव दोनों एक ही बिल्डिंग में रहते है। दोनों के फ्लैट ऊपर-नीचे ही है। इस दौरान दोनों की मुलाकात हुई, दोस्ती हो गई। इस दौरान गौरवख मॉडल को कई जगह ऑडिशन के लिए लेकर जाता था। ऑडिशन दिलाते-दिलाते युवक तो युवती से एक तरफा प्यार हो गया। आखिर प्यार का इजहार करने पर युवती ने मना कर दिया। इससे गुस्साए युवक ने इंटरनेट की मदद से युवती का इंस्टाग्राम और फेसबुक आईडी हैक कर ली। युवक आईडी हैक कर युवती के सोशल मीडिया अकाउंट ऑपरेट करता रहा। इस दौरान युवती के मोबाइल से कुछ खास फोटो निकाले लिए। जो मॉडल ने स्पेशल कॉन्ट्रैक्ट के जरिए खिंचवाए थे। इन फोटो को मॉडल सोशल मीडिया पर शेयर नहीं कर सकती थी। युवक सोशल मीडिया के जरिए बार-बार मॉडल को ब्लैमकमेल कर बात करने के लिए दबाव बनाता रहा। युवती को लगा उसका अकाउंट हैक हो गया। युवती ने जब बात करने से मना कर दिया तो फोटो सोशल मीडिया पर डाल दिए। जो युवती ने खास फोटोशूट के लिए करवाए थे। इस पर युवती ने 1 जुलाई को जयपुर कमिश्नरेट के साइबर थाने में मामला दर्ज करवाया। साइबर पुलिस ने जांच पड़ताल आरोपी का आईपी एड्रेस ट्रेस किया तो गौरव सक्सेना के बारे में जानकारी मिली।

### मृतक के परिजनों की तलाश

**जयपुर** (कासं)। अशोक नगर थाना पुलिस अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी हुई है। थानाधिकारी ने बताया कि 2 जुलाई को सुबह 11 बजे भोजपुरा रेलवे लाइन के पास 45 वर्षीय अधेड़ युवक अचेत मिला, जिसे एएसआई मुकेश चंद ने सवाई मानसिंह अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया। डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मुर्दाघर में रखवाकर मृतक के परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

# अवैध बिल्डिंगों की ''सील की डील'' पर शिकंजा कसने की तैयारी में राज्य सरकार?

## सभी प्राधिकरण, न्यास और निकायों के लिए नई नीति जल्द जारी होगी

**■ सूत्रों के मुताबिक सील खोलने से पहले निर्माणकर्ता से 100 से 500 रु. प्रति वर्गफीट सिक्यूरिटी राशि वसूलेगा निकाय, तय समय में अवैध निर्माण हटाने पर वापस लौटायी जायेगी रकम**

**जयपुर**। शहरों में अवैध बिल्डिंगों में 'सील की डील' पर शिकंजा करने की तैयारी राज्य सरकार ने कर ली है। जल्द ही नई पॉलिसी को सभी 238 निकायों और 17 नगर विकास न्यास तथा 3 विकास प्राधिकरणों पर लागू किया जायेगा। सूत्रों के मुताबिक प्रस्तावित नई नीति के मुताबिक अवैध इमारतों की सील खोलने से पहले निर्माणकर्ता से नगरीय निकाय बतौर शुल्क सिक्योरिटी राशि वसूलेंगे। जो कि 100 से 500 रुपए प्रति वर्गफीट तक होगा। साथ ही तय वक्त में अवैध निर्माण हटाने का शपथ पत्र भी लिया जाएगा। अगर निर्धारित समय में भूखंड़धारी अवैध निर्माण हटा लेता है तो उसे शुल्क वापस लौटा दिया जाएगा। तय अवधि में निर्माण नहीं हटाने पर संबंधित निकाय अपने स्तर पर अवैध निर्माण ध्वस्त करेगा और खर्च की वसूली निर्माणकर्ता से करेगा। इस नीति को लेकर अफसरों ने नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के साथ चर्चा कर ली है। जल्द ही इसके आदेश जारी होंगे। यह नीति सभी प्राधिकरण, न्यास व निकायों में लागू होगी।

सूत्रों की मानें तो आवासीय, कॉमर्शियल, औद्योगिक, संस्थानिक उपयोग के अनुसार अलग-अलग शुल्क तय किया जा रहा है। अगर शुल्क जमा कराने और शपथ पत्र देने के बाद भी भूखंडधारी अवैध निर्माण नहीं हटाता है तो उसका जमा शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। साथ ही निर्माणकर्ता के खिलाफ निकाय इस्तगासा भी पेश करेगा। ज्ञात रहे कि राजस्थान विधियां संशोधन अधिनियम 2021 के तहत निकायों को अवैध निर्माण सील करने का अधिकार तो दिया गया, लेकिन उसे खोलने का अधिकार नहीं दिया। इस अधिनियम के तहत राज्य सरकार की सहमति या सरकार के प्राधिकृत अधिकारी की पूर्व अनुमति से ही सील खोलने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यदि कोई अफसर अपने स्तर पर सील खोलने का निर्णय करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का प्रावधान है।

### राज्यपाल से भंडारी मिले

**जयपुर** (कासं)। राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सुधीर भण्डारी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

### एयरपोर्ट पर यात्री के सूटकेस से कारतूस बरामद

**जयपुर** (कासं)। जयपुर एयरपोर्ट पर सोमवार को अजीब घटनाक्रम सामने आया। दरअसल, स्पाइसजेट एयरलाइन की जयपुर से गुवाहटी जाने वाली उडान संख्या एसजी-696 में यात्रा के दौरान यात्री के पास से कारतूस बरामद हुआ।

जानकारी के मुताबिक यात्री जैसे ही एयरपोर्ट पर पहुंचा, तब बोर्डिंग से पूर्व बैगेज चैकिंग में स्केनर मशीन के जरिए बैग में गोली दिखाई दी। सूटकेस को खोलने पर सुरक्षा कर्मियों जांच करने पर पता चला कि यह कारतूस डेड हो चुका है। पड़ताल करने पर सामने आया कि यात्री चबित बर्मन असम निवासी बीएसएफ में कार्यरत है। भूलवश बैग में कारतूस ले आया था।